


आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## एससी मोर्चा ने बाबूलाल मरांडी को किया सम्मानित

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को पूरा करना हमारी प्राथमिकता : बाबूलाल

**कहा-सरकार के असंवैधानिक कार्यों के खिलाफ दृढ़ता से खड़े रहें और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ें**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को पूरा करते हुए हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक भोजन, आवास, शिक्षा, चिकित्सा आदि का लाभ पहुंचना भाजपा के कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को जोड़ने का काम करें। उक्त बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कहीं। श्री मरांडी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मान सह आगामी कार्य योजना को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान दमनकारी सरकार के असंवैधानिक कार्यों के खिलाफ दृढ़ता से खड़े रहें और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ें। कार्यकर्ताओं से बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अपने-अपने क्षेत्र के अनुसूचित जाति समाज के लोगों की सूची तैयार कर लें, साथ ही समाज के प्रबुद्ध जनों को भी पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के पास 9 में 6 अनुसूचित जाति के आरक्षित विधान सभा सीट है साथ ही एक मात्र अनुसूचित जाति की लोक सभा की सीट भी है। ऐसे में इस बार के चुनाव में हम सब को सभी 9 विधानसभा सीट और एक लोक सभा की सीट भाजपा के खाते में जाये इसके लिए अभी से प्रयास करना शुरू कर दें।

### कार्यकर्ता बूथ से लेकर जमीन स्तर पर लड़ने को तैयार रहें : अमर कुमार बाउरी

वहीं भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा ने पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के सभी कार्यक्रमों को पूर्ण किया है। समय-समय पर प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित करती रही है। दलितों के खिलाफ जब भी कोई अत्याचार हुआ है उसके खिलाफ मोर्चा ने सड़क से सदन तक आंदोलन किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड की वर्तमान दमनकारी सरकार से डरना नहीं है बल्कि दृढ़ता के साथ लड़ना है। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त 2023 से दो महीने के लिए राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का प्रवास होना है, इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मोर्चा के कार्यकर्ता अपनी तैयारी अभी से शुरू कर दें ताकि आगामी चुनाव में जनता एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायें। कार्यक्रम में मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम ने कार्यकर्ताओं को पार्टी से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे के विषय मे बताया साथ ही कहा कि हर कार्यक्रम को सोशल मीडिया के माध्यम से जरूर प्रचार प्रसार करें। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजय भारती ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नीरज पासवान, सीताराम रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश मंत्री, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी, प्रदेश शोध एवं नीति प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश कार्यालय मंत्री, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला मंत्री एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री जांच एजेंसियों पर जरूर सवाल खड़ा करेंगे: बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। श्री मरांडी ने कहा 18 नवंबर 2022 को हुए 10 घंटे की पूछताछ के बाद 14 अगस्त को दुबारा पूछताछ के लिए सम्मन भेजा है। उन्होंने कहा कि उन्हें जवाब देना ही होगा कि उन्होंने गरीब आदिवासी की जमीन हड़पी या नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे में तिल मिलाये मुख्यमंत्री जांच एजेंसियों पर जरूर सवाल खड़ा करेंगे। लेकिन इससे सच्चाई नहीं छुप सकती। अब कोई आदिवासी कार्ड आपको काम नहीं आयेंगे क्योंकि जनजाति समाज आपको समझ चुका है। आपको जनजाति समाज प्रिय नहीं है बल्कि लूट में साथ देने वाले साथी प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, पंकज मिश्रा आपके प्रिय हैं।

## झामुमो रांची जिला समिति ने निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि

# निर्मल महतो चौक का होगा सौंदर्यीकरण: विनोद पांडेय

**पूरा झारखंड निर्मल दा और उनके परिवार का ऋणी है: सुप्रियो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को स्व निर्मल महतो के 36वें शहादत दिवस पर झामुमो रांची जिला समिति द्वारा निर्मल महतो चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि निर्मल महतो की प्रतिमा उस समय स्थापित की गयी थी जिस समय आबादी कम थी। अब आबादी तीन गुणा बढ़ी है। अब जरूरत है चौक के अगल बगल का रास्ता चौड़ा हो चारों तरफ सरकारी दीवारें हैं, तोड़ कर चौक को चौड़ा करते हुए सुंदरीकरण किया जायेगा। निर्मल महतो की एक



आदमकद प्रतिमा भी लगायी जायेगी जो उनकी कृति आधारित प्रतिमा होगी। निर्मल महतो के संघर्षों के बदौलत आज सभी झारखंड में चैन की सांस ले रहे हैं। पार्टी महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि निर्मल महतो हम कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इनके नाम मात्र से ही हम सबों को ऊर्जा मिलती है। पूरा झारखंड निर्मल दा और उनके परिवार का ऋणी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, समनुर मंसुरी, पवन जेडिया, चिंतामनी सांगा, पूर्व केंद्रीय सदस्य अंतु तिर्की, अफरोज अंसारी, रोशन सिंह, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### मुआवजा घोटाला : इडी ने हाइकोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

**रांची।** हजारीबाग में एनटीपीसी जमीन अधिग्रहण मुआवजा घोटाला करीब तीन हजार करोड़ रुपये का है। इसकी जांच इडी कर सकती है। झारखंड हाइकोर्ट में इडी की ओर से हलफनामा दाखिल कर यह जानकारी दी है। पिछले दिनों हाइकोर्ट में मंटू सोनी ने इस घोटाला को लेकर जनहित याचिका दाखिल की थी। जिसकी सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने इडी के साथ सीबीआइ और राज्य सरकार से जवाब तलब किया गया था। प्रार्थी के अधिवक्ता को सौंपे गये हलफनामे की प्रति में इडी ने स्वीकार किया है कि एनटीपीसी के भूमि घोटाले की जांच के लिए देवाशीष गुप्ता( रिटायर्ड आइएएस अधिकारी) की अध्यक्षता में विशेष जांच दल का गठन किया गया था। और अन्य दो सदस्यों में एक सेवानिवृत्त जिला और सत्र न्यायाधीश और सेवानिवृत्त या वर्तमान संयुक्त सचिव शामिल थे। जिसे कभी भी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

## शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शहीद निर्मल महतो चौक (जेल मोड़) में टोटेमिक कुर्मी/कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। सभी ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प लिया। मौके पर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि झारखंडी युवाओं को निर्मल दा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए त्याग और बलिदान दिया। तब जाकर आदिवासी मुलवासी एकजुट हो पाये। सरकार से निर्मल महतो की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की गयी।

शीतल ओहदार ने राज्य सरकार से शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के दिन 8 अगस्त को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की। मोर्चा के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामपदो महतो ने कहा कि जब तक निर्मल महतो को शहीद का दर्जा नही मिलता है, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने राज्य सरकार से निर्मल महतो की जीवनी को सरकारी पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की। वहीं केंद्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो ने राज्य सरकार से विधानसभा परिसर में निर्मल महतो की प्रतिमा लगाने की मांग की।


मौके पर मोर्चा के प्रधान महासचिव रामपदो महतो, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो और महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष सुषमा देवी मौजूद रहीं। इसके अलावा रूपलाल महतो, अजय महतो, अनिल महतो, दीपक महतो, कमलेश चौधरी, सोनालाल महतो, विराट महतो, रामकुमार महतो, सुधीर मंगलेश, दीपक चौधरी, नरेश महतो, सचिन महतो, राहुल महतो, सुजीत महतो, मोती ओहदार, विरेन महतो, राजेश महतो, सुनील महतो सहित समाज के कई युवा और महिलाएं उपस्थित रहीं।

# रंग लाया सांसद संजय सेठ का प्रयास

## एर्नाकुलम और अहमदाबाद के लिए जल्द दौड़ेगी जनसाधारण एक्सप्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रेल मंत्रालय के द्वारा रांची को बहुत जल्द ही कई सौगातें मिलनेवाली हैं। इस निमित्त रांची के सांसद संजय सेठ के द्वारा विगत एक पखवाड़े में संसद सत्र के दौरान लगातार प्रयास का प्रतिफल सामने आया है।



लंबे समय से प्रतीक्षित हटिया से कोयंबटूर होते हुए एर्नाकुलम के लिए जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन और हटिया से अहमदाबाद के लिए जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन बहुत जल्द आरंभ होगा। इसके माध्यम से दक्षिण भारत सहित गुजरात तक की झारखंड के लोगों की यात्रा सुगम और आसान हो सकेगी। इसके अलावे रांची लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन में 12 डिब्बों को बढ़ा कर 16 डब्बा करने का मामला भी पूर्ण हो चुका है। कई स्टेशनों पर 12 डब्बों के रुकने तक की लंबाई के ही प्लेटफार्म हैं। ऐसी स्थिति में यह जरूरी है कि प्लेटफार्म को लंबा किया जाये। इस दिशा में काम चल रहा है। प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ते ही पैसेंजर ट्रेन में चार और डब्बे जुड़ जायेंगे। इसके अतिरिक्त रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन बहुत जल्द आरंभ हो जायेगा। इसकी भी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। सांसद संजय सेठ ने नामकुम पुराना थाना (शनि मंदिर के सामने) अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भी रेल मंत्रालय को दिया है। बहुत जल्द ही इसका डीपीआर भी तैयार कर लिया जायेगा। सांसद ने इन सभी बातों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है।

# नैतिकता बची है तो इस्तीफा दें मुख्यमंत्री : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री तक आखिर सेना भूमि की खरीद बिक्री की जांच की आंच पहुंच ही गयी। श्री प्रकाश मुख्यमंत्री को सेना भूमि की जांच मामले में इडी द्वारा कांड संख्या 25/23 मामले में समन जारी कर बुलाये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झारखंड़ की तबाही की कहानी खुद मुख्यमंत्री ने भ्रष्ट अधिकारियों और बिचौलियों के साथ मिल कर लिखी थी। आज जो कुछ हो रहा है, उसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री स्वयं जिम्मेदार



हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमने ही सेना की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री में हुई मनी लांड्रिंग का मामला उजागर किया था। इस केस की जांच इडी से करवाने का अनुरोध किया था। आज उसी का परिणाम है कि अवैध खनन मामले के बाद झारखंड के सीएम को अब सेना की जमीन समेत अन्य मामले में इडी ने बुलाया है।

### डीएसपी और दारोगा पर गोली चलाने के आरोपी ने किया सरेंडर

**रांची।** एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) विंग में पदस्थापित डीएसपी और पतरातू थाना के दारोगा पर गोली चलाने के आरोपी रवि मुंडा ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ता संतोष कुमार साहू और वरुण कुमार ने रवि मुंडा को सरेंडर करवाया। आरोपी ने एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। इस केस के अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बता दें कि बीते 17 जुलाई को एटीएस की टीम जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन साहू गिरोह के शूटर को पकड़ने गयी थी।

# शशि कुमार का यूपीएससी में चयन होने से केटेलिस्ट आइएएस संस्थान में खुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** यूपीएससी (सीएपीएन) के घोषित परिणाम में केटेलिस्ट आइएएस कचहरी रोड रांची स्थित संस्थान से शशि कुमार रमण का चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए संस्थान के निदेशक विशाल कुमार ने शशि कुमार रमण को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस सफलता लिए संस्थान में हर्ष व्याप्त है। यूपीएससी / जेपीएससी



प्रारंभिक सह मुख्य परीक्षा के लिए 10 अगस्त से नया बैच शुरू किया जा रहा है। इसकी जानकारी संस्थान के निदेशक ने दी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जी 20 प्रेसीडेंसी समिट का उद्घाटन

**12 स्कूलों के प्रतिभागियों ने भविष्य के फैशन के बारे में अपनी प्रस्तुति दी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जी 20 प्रेसीडेंसी समिट का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। यह क्रिएटिविटी कॉन्क्लेव रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स ने एनइपी 2020 की तीसरी वर्षगांठ मनाने और जी20 प्रेसीडेंसी समिट में भारत की अध्यक्षता का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिसर, रांची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीएसइ, पटना के रिजनल ऑफिसर अरविंद कुमार मिश्रा थे। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप कुमार वर्मा और सरला बिरला यूनिवर्सिटी के वीसी प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रोफेसर डा विजय कुमार सिंह, रजिस्ट्रार, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, समरजीत जाना, प्रिंसिपल जेवीएम श्यामली, डॉ. सुभाष कुमार, प्रिंसिपल, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल, नीरज सिन्हा, प्रिंसिपल, फिरायालाल पब्लिक स्कूल, एसके सिन्हा, प्रिंसिपल, डीएवी गांधीनगर सहित रांची के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ एसबीपीएस स्किल हब के दूसरे चरण के लिए असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन दिवस का सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा फैशन कॉसमॉस कार्यक्रम, जिसकी शुरूआत सरला बिरला पब्लिक स्कूल की पांच टीमों ने काम में न आने वाली वस्तुओं से बने परिधानों के साथ फैशन की अवधारणा के साथ की। इसके बाद 12 स्कूलों के प्रतिभागियों ने भविष्य के फैशन के बारे में अपनी प्रस्तुति दी। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा कलांजलि के तहत आर्ट इंटीग्रेटेड तथा एस डी जी पर आधारित बेहद रचनात्मक प्रदर्शनी लगायी गयी, जो सबके आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का समापन भारत को एक हरित और सतत प्रगतिशील राष्ट्र की दिशा में सशक्त बनाने के संदेश के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि, अरविंद कुमार मिश्रा, रिजनल ऑफिसर, सीबीएसइ, पटना ने जी-20 प्रेसीडेंसी समिट आयोजित करने और झारखंड के शिक्षकों और छात्रों के साथ एनइपी 2020 की तीसरी वर्षगांठ मनाने के लिए रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी स्कूलों के प्रयासों की सराहना की।

प्राचार्या परमजीत कौर ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार मिश्रा, रिजनल ऑफिसर, सीबीएसई, पटना एवं रांची सहोदया कॉम्प्लेक्स के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। जी20 प्रेसीडेंसी समिट के बुधवार को होने वाले कार्यक्रमों के बारे में परमजीत कौर ने बताया कि सुरेन्द्रनाथ स्कूल में लाईफस्टाइल फॉर इनवायरमेंट क्विज, फिरायालाल पब्लिक स्कूल में डिक्लेमेशन प्रतियोगिता तथा केराली स्कूल में फोक डांस प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सत्र 2023- 24 में नव नामांकित छात्रों का इंडक्शन प्रोग्राम दीक्षारंभ समारोह का आयोजन बीके बिरला ऑडिटोरियम में किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, डीन, प्रोफेसर आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन, दीपवंदन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय दीक्षारंभ के पहले दिन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट संकाय के छात्रों का विधिवत अभिनंदन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने नवनामांकित छात्रों का स्वागत अभिनंदन करते हुए मोटिवेट किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने छात्रों का अभिनंदन करते हुए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन छात्रों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए आधारभूत आवश्यकताओं सहित रिसर्च तक की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हरसंभव प्रयत्नशील है ताकि हमारे छात्र विश्वस्तरीय गुणवत्ता के साथ अपनी प्रतिभा का विकास कर राष्ट्र और समाज के कल्याण में सहभागी बन सकें। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने नव नामांकित छात्रों का अभिनंदन करते हुए कहा कि केवल डिग्रियां देना हमारा उद्देश्य नहीं अपितु राष्ट्र के लिए योग्य और चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ नागरिक निर्माण करना हमारा लक्ष्य है। वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ संदीप कुमार ने संकाय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रम एवं गतिविधियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डीन हरी बाबू शुक्ला ने प्लेसमेंट सेल की कार्य प्रणाली, विभिन्न स्किल, आवश्यकता एवं उपयोगिता तथा अभी तक की उपलब्धियों आदि के बारे में विवरणी छात्रों के समक्ष प्रस्तुत की। कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रोफेसर राहुल वत्स ने एग्जामिनेशन के सभी नियमों परिणामों प्रावधानों की चर्चा करते हुए छात्रों से अपेक्षित अपेक्षाओं के बारे में बताया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
07

# सामाजिक और राजनीतिक दलों ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि



**शहीद निर्मल महतो के सपनों को साकार करने का लिया संकल्प**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** बुंडू के शहीद निर्मल महतो चौक ताऊ और सुमनडीह गांव के निर्मल महतो चौक पर सामाजिक संगठन और राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा मंगलवार को शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर और पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धांजलि दी गयी।

इस मौके पर आजसू पार्टी के तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा ने अपने संबोधन में कहा शहीद निर्मल महतो का सपना आज भी अधूरा है। उन्होंने बृहद झारखंड के लोगों के लिए कुर्बानी दी। आज सरकार के लोग ही उनके सपनों को कुचलने में लगे हैं।

इस मौके पर सुनील कुमार जयसवाल, हरिहर महतो, देवनाथ कुशवाहा, दिलीप साहू, शशि भूषण सिंह मुंडा, नंद किशोर महतो, काली पद महतो, दिलीप मिर्धा, पवन महतो आदि मौजूद थे।

इसके अलावा सुमनडीह गांव में जोगेश्वर महतो, गोविंद मुंडा, दूबराज महतो, लकी दास महतो आदि ने निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

# राहे प्रखंड लोवाहातू पंचायत के दुलमी चौक का ट्रांसफॉर्मर खराब होने से उपभोक्ता परेशान

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोवाहातू पंचायत के दुलमी चौक का ट्रांसफॉर्मर शुक्रवार को खराब हो गया है। पांच दिन हो जाने के बाद भी ट्रांसफॉर्मर बदलने की कोई पहल नहीं हुई है। उपभोक्ताओं ने बुंडू विद्युत कार्यालय में आवेदन देकर ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी देकर नया ट्रांसफॉर्मर की मांग की है। इस ट्रांसफार्मर से 60 उपभोक्ता जुड़े हैं और बिल भुगतान भी सुचारू रूप से होता है। उपभोक्ताओं ने विभाग से शीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

# हेसालोंग बाजार की जमीन की अवैध जमाबंदी रद्द करने के लिए सौंपा ज्ञापन




**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड के लपरा पंचायत अंतर्गत हेसालोंग के ग्रामीणों ने खलारी अंचलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। हेसालोंग बजारटांड़ की जमीन की अवैध जमाबंदी रद्द करने के लिए हेसालोंग ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि हेसालोंग बाजार एवं मेला की जमीन कुल रकबा 1.99 एकड़ किस्म परती कदीम खतियान गैरमजरूआ के तहत निर्बंधित है। साथ ही खतियान में यह भी दर्शाया गया है कि उक्त जमीन पर शुक्रवार को बाजार लगता है। उक्त जमीन पर वर्षों से बाजार एवं मेला का आयोजन होता है। सरकार द्वारा उक्त जमीन पर बाजार शेड निर्माण भी कराया गया है। वहीं कुछ लोगों के द्वारा उस गैरमजरूआ जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। दर्शायी गयी भूमि पर किसी तरह की खेती बारी नहीं होती है, और न ही पूर्व से किसी का कब्जा रहा है। सभी ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से जबरन जमीन का कब्जा करने वालों एवं गलत ढंग से कागजात निर्माण के दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए इस बंदोबस्ती को रद्द करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में लपरा पंचायत की मुखिया पुतुल देवी, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, अरविंद कुमार, पवन साहू, कुलदीप साहू, प्रीतम साहू, राजेश कुमार, सोबरन साहू, मनीष भगत, पंकज कुमार प्रसाद, जितेंद्र भारती, वीरमोहन साहू, संदीप कुमार, श्यामनरेश प्रसाद, रतनलाल प्रसाद, जयप्रकाश साहू, लखन साहु, शिवपूजन साहू, झुनू मुंडा, रामकुमार मुंडा, शिवनरायण लोहार, मनीष कुमार, बनपाल साहू, मदन साहु, मनोज कुमार, राजेश मुंडा, राहुल कुमार, दिनेश गुप्ता, राधेश्याम प्रसाद, संजय सोनी, विशेश्वर मुंडा, विशाल इत्यादि लोग शामिल हैं।

# प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को पूरा करायें अधिकारी : लोकेश मिश्र

**उपायुक्त ने की पथ निर्माण, विद्युत और लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंलवार कों पथ निर्माण, विद्युत विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, उनके कार्य क्षेत्र की जानकारी डीसी ने ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपूरो करें। उपायुक्त ने पथ निर्माण, लघु सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया।। इसके अतिरिक्त लघु सिंचाई विभाग के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि क्रियान्वित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करें। विद्युत विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी से जिले में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए नये विद्युत पावर सब-स्टेशनों और बिजली कनेक्शन, और अन्य कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विभाग पदाधिकारी ने बताया कि इसके तहत 69 टोलों को चयनित किया गया है। साथ ही निर्बाद्ध विद्युतापूर्ति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस : खूंटी पुलिस ने युवा किसान चमरा मुंडा हत्याकांड का किया उद्भेदन

# लेवी के लिए हुई थी युवा किसान चमरा मुंडा की हत्या, एक अपराधी गिरफ्तार

**गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देसी पिस्टल, दो गोली, एक मैगजीन, घटना में प्रयुक्त बाइक और एक मोबाइल बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** जिले के मारंगहादा थानांतर्गत काड़ेतुबिद गांव निवासी युवा किसान चमरा मुंडा की गत 22 जुलाई की देर शाम उसके घर के समीप ही गोलियों से भूनकर की गई हत्या में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी का नाम डहरू प्रधान है, जो जिले के सायको थानांतर्गत ग्राम बुरहू टोला उलीडीह का निवासी है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली, एक मैगजीन घटना में प्रयुक्त बाइक और एक मोबाइल बरामद किया है। यह जानकारी खूंटी के एसडीपीओ अमित कुमार ने मंगलवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी ने पुलिस के समक्ष चमरा मुंडा हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि चमरा मुंडा पोस्ते का भी कारोबार करता था। इसलिए उससे रंगदारी के रूप में 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। इस पर चमरा मुंडा ने 10 हजार रुपये देने की बात कही थी, लेकिन बाद में वह 10 हजार रुपये देने से भी मुकर गया। इसी कारण गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसकी हत्या की गई थी। इस हत्याकांड में चार अपराधी शामिल थे। इनमें से दो अपराधियों को बुंडू थाना की पुलिस ने आज मंगलवार को ही बुंडू थाना क्षेत्र में हुए गोलीकांड के एक मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी ने मारंगहादा, बुंडू , सायको, अड़की तथा खूंटी थाना क्षेत्र के धान, इमली, लाह एवं पोस्ता कारोबारियों को डराह्न-धमका कर पैसे लूटने के मामलों में शामिल होने की बात भी स्वीकार की है। एसडीपीओ ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि एक बाइक पर सवार होकर दो अपराधी खूंटी की ओर से किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए मारंगहादा की ओर जाने वाले हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं स्वरित कार्रवाई के लिए एसपी द्वारा मारंगहादा अंचल के पुलिस निरीक्षक शाहिद रजा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पतराटोली चौक के पास वाहनों की चेकिंग की जाने लगी। उसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक पुलिस टीम को देखकर बाइक घुमाकर भागने लगे, तो जवानों ने खदेड़ कर बाइक चालक को तो धर दबोचा, लेकिन बाइक में पीछे बैठा युवक बाइक से कूदकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए युवक की जब तलाशी ली गई, तो उसके पास से पिस्टल, गोली और मैगजीन आदि मिले। इसपर जब उससे पूछताछ की गई तो चमरा मुंडा हत्याकांड का खुलासा हो गया। गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध बुंडू थाना क्षेत्र में गत 11 जुलाई को हुए गोलीकांड के मामले में भी बुंडू थाने में एक मामला दर्ज है।

छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक के अलावा मारंगहादा थाना प्रभारी अजय कुमार भगत, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, मारंगहादा थाना के एसआई हरि महतो, एएसआई कौशर खान सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पुरनी राय में शहादत दिवस पर याद किये गये शहीद निर्मल महतो

**युवाओं ने उनके सपनों को पूरा करने का लिया संकल्प**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** खलारी प्रखंड अंतर्गत पुरनी राय में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुरनी राय स्थित निर्मल महतो चौक पर सैंकड़ों की संख्या में जुटे आजसू कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चों द्वारा निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहादत दिवस कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने कहा कि अलग झारखंड आंदोलन में उनकी अहम भूमिका थी जिसके लिए उन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। झारखंड राज्य के लिए उनके दिल में एक अलग सपना था जिसे हमलोग पूरा करने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर पूरा चौक क्षेत्र निर्मल महतो अमर रहे के नारों से गूंज रहा था।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों में रांची जिला आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष अर्जुन महतो, धर्म नाथ महतो, दीपक महतो, तारकेश्वर महतो, अशोक महतो, सोनु पांडे, सुनील सिंह, संदीप सिंह छवि, बेगी महतो, बमने मुखिया शिवनाथ मुंडा, प्रदीप उरांव, राय मुखिया शीला देवी, महेन्द्र महतो, इंटेक मद्रासी के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

# बच्चों के अधिकार और उनके संरक्षण को लेकर पीएलवी को दिया गया प्रशिक्षण

**बाल तस्करी की सूचना मिलने पर डालस या पुलिस को तुरंत सूचना दें : मनोरंजन कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में बच्चों के अधिकार और उनके संरक्षण को लेकर मंगलवार को डालसा खूंटी के सभागार भवन में सभी पीएलवी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि हम सब बच्चों के हक उनको न्याय न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहें। बच्चों के बाल विवाह की रोकथाम के लिए सभी पीएलवी अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में बच्चों की तस्करी आए दिन होती रहती है। इसलिए हम सबको बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को भी बिचौलियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बाल तस्करी की सूचना मिलते ही कानून कानूनी कार्रवाई के लिए डालसा और पुलिस प्रशासन को सूचित करें।

डालसा सचिव ने कहा कि पीएलवी घर-घर जाकर कानूनी जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम में एलएडीसी ने बच्चों से जुड़े अधिकारों और उनके संरक्षण के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डालसा के सभी सदस्य और पीएलवी उपस्थित थे।

## बैठक : उपायुक्त ने की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

# मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करें अधिकारी : उपायुक्त

**बैठक में विशेष रूप से घर-घर सत्यापन को लेकर विशेष बिंदुओं पर की गयी चर्चा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष रूप से घर-घर सत्यापन को लेकर विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई। त्रुटिमुक्त और समावेशी मतदाता सूची बनाने के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन का काम 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं का पंजीकरण, मतदाता सूची, फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निराकरण, मतदाता सूची में स्पष्ट फोटो की जगह अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो का संयोजन, नवविवाहित महिला मतदाताओं के नाम और नए पते का अद्यतनीकरण, दिवंगत मतदाताओं के नाम का मतदाता सूची से विलोपन आदि कार्य किये जा रह हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इससे संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को निर्वाचन कार्यालय में आयोजित किया जाये। साथ ही सभी प्रखंडों में समीक्षा बैठक आयोजित की जाये। अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास होना चाहिए।

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 14 अगस्त को आयोजित की जाएगी। इसमें पीडब्ल्यूडी मतदाताओं का निबंधन एवं चिह्नित करना, मतदान केंद्र का नाम, स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव, पीजीटी समुदायों के सुयोग्य आम नागरिकों का निबंधन कराना, लो वोटर टर्नआउट, ईपी रेशियो तथा जीपी रेशियो, बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति, एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, पन्ना वेरिफिकेशन एवं हाउस रोल वेरिफिकेशन, रिकॉर्ड कीपिंग और अन्य कार्यों के संचालन संबंधी निर्देश दिए गए। डीसी ने अधिकारियों को मतदान केंद्रों के वेरिफिकेशन के निर्देश दिए, जिसमें पेयजल की उपलब्धता, शौचालय समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मतदाता जागरुकता गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। नये युवा मतदाताओं को मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न पहलुओं को जानकारी उपलब्ध कराई जाए जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# जब तक किसानों की स्थिति नहीं सुधरेगी, तब तक राज्य का विकास संभव नहीं : काशीनाथ महतो



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला गांव में मंगलवार को धान रोपनी को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुंजला के अलावा दूसरे गांवों के किसानों ने भाग लिया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि किसानों की मेहनत और उनके द्वारा उत्पादित अन्न के कारण ही हम जिंदा रहते हैं। किसान सही मायने में देश के अन्नदाता हैं। उन्होंने कहा कि आज भी देश की 70 फीसदी आबादी कृषि पर आधारित है। किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि सहित कई योजनाएं शुरू की हैं, ताकि किसानों की आय को दुगुनी की जा सके। काशीनाथ महतो ने कहा कि जब तक किसानों की स्थिति में सुधार नहीं होगा, तब तक न राज्य विकसित होगा और न देश।

# विधायक कोचे मुंडा ने हाथी प्रभावित ग्रामीणों के बीच किया टॉर्च का वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने मंगलवार को जंगली हाथियों से प्रभावित गांवों का दौरा किया और गजराजों को भगाने के लिए गांववालों के बीच टॉर्च का वितरण किया। मौके पर विधायक ने कोटेंगसेरा स्थित मंदिर परिसर में पीपल के पौधे लगाये। कोचे मुंडा ने रनिया प्रखंड के जयपुर महुआटाली के ग्रामीणों के बीच टॉर्च का वितरण किया। बाद में विधायक ने तांबो बाजार टोली जाकर हाथी से पीड़ित ग्रामीणों के बीच टॉच का वितरण किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज गांव-घरों में हाथियों के हमले बढ़े हैं। इसके लिए बहुत हद तक हम मानव ही जिम्मेवार हैं। हमने जगलों को उजाड़ना शुरू कर दिया। ऐसी स्थिति में गजराज जंगलों को छोड़कर गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगायें और उनका संरक्षण करें। मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# धमधमिया में खराब जलमीनार के लोहा का एंगल को चोरों ने काटा, कॉलोनी के लोग जगने पर भागे चोर



**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमिया में एक बार फिर लोहा चोरी करने वाले लोग सक्रिय हो गए हैं। सोमवार की रात धमधमिया बी टाइप में मैदान में लगे खराब जलमीनार का लोहा चोरी करने का असफल प्रयास किया गया। कॉलोनी के लोग जग गए जिसके बाद चोर भाग गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बी टाइप मैदान के किनारे स्थित एक खराब जलमीनार के लोहे के एंगल को चोरों ने रात्रि 12 बजे काट रहे थे कि कॉलोनी में भी लोहा काटने की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद कॉलोनी के लोग जग गए और बाहर देखा कि कुछ लोग जलमीनार के पास खड़े हैं और लोहे को काट रहे थे। इसी बीच बाहर निकलने के आभास चोरों को भी हुआ जबतक लोग बाहर निकले सभी चोर भाग गए थे। सुबह में इसकी सूचना स्थानीय मुखिया संतोष कुमार महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली तथा कांग्रेस नेता गोपाल सिंह, समाजसेवी राजेश कुमार को मिली। उसके बाद कॉलोनी के अन्य लोगों के साथ जलमीनार का निरीक्षण किया, जिसमें निरीक्षण में पाया गया कि जलमीनार के चार लोहे के एंगल खम्भे से तीन को चोरों ने किसी औजार से काट दिया था और चौथा एंगल को नहीं काट पाए थे, जिसके कारण लोहा चोरी होने से बच गया। मुखिया ने बताया कि इस कटे हुए एंगल को वेल्डिंग कराया जाएगा ताकि यह सुरक्षित रहे। वहीं मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने पिछले दिनों कॉलोनी में लगी पाइप लाइन को भी चोरी कर लिया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि में गश्ती करने की मांग की है।

# आइआरबी कैप में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त जमींदार को दी गयी विदाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैम्प में मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता डीएसपी जितेंद्र कुमार और संचालन सुजीत कुमार ने किया। समारोह में आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप से सेवानिवृत्त हुए जमीदार श्रीनिवास सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में उनका स्वागत माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया, जिसके बाद उपहार प्रदान कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की, साथ ही उनके आगे के उज्जवल भविष्य की कामना की। डीएसपी जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर के साथ सेवानिवृत्त होना बड़ी बात है। उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर जमींदार श्रीनिवास सिंह ने भी अपने कार्य के बारे में जानकारी देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्य के साथ ड्यूटी करने की अपील की। इस मौके पर डीएसपी जितेंद्र कुमार, पुलिस मेंस एसोसिएशन के मंत्री सुजीत कुमार, अध्यक्ष शमशेर आलम, संयुक्त मंत्री सुशील पांडे, हवलदार संजय यादव, राजेंद्र उरांव, प्रेस मरांडी, सूरजानन्द, जितेन्द्र शुक्ला, संजीव कुमार, गोरखनाथ सहित कैंप के कई अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# शहादत दिवस पर अधिवक्ताओं ने निर्मल महतो को याद किया



**अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चंद्र महतो ने कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ताओं को सफेद गमछा देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में आज न्यू बार भवन के प्रथम तल पर झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कर शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने निर्मल महतो को याद करते हुए कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण निर्मल महतो के शहादत के कारण की संभव हो पाया है। ऐसे वीर सपूत को हम सभी नमन करते हैं। इस अवसर पर अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ताओं का सफेद गमछा देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता पीडी सिंह, सुशील कुमार, उमेश्वर महतो, अजहर अहमद खान, जीपी एचएन विश्वकर्मा, निरंजन राम, राजीव रंजन ठाकुर, दिलेश्वर प्रमाणिक, वर्षा सिन्हा, रीमा उपाध्याय, मेघा नईया, रेखा वर्मा, अर्चना वर्मा, सरोजा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल, चिलदाग में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस को पूरे उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्जवलन के साथ की गई। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं नें पारंपरिक वेश-वुषा में उमंग के साथ भाग लिया तथा आदिवासी पंरपरा और संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी सभ्यता और संस्कृति के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर वंदना नृत्य, पारंपरिक नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए गए। स्कूल के प्राचार्य नें बच्चों को विश्व में रहने वाली जनजातियों की संस्कृति और परंपरा से परिचित कराते हुए विश्व आदिवासी दिवस के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ अमर कुमार चैधरी एवं सचिव कुमूदकला मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे।

## झामुमो कांके प्रखंड ने शहीद निर्मल महतो को शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**कांके (आजाद सिपाही)।** शहीद निर्मल महतो को शहादत दिवस पर झामुमो कांके प्रखंड कमेटी ने प्रखंड कार्यालय परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। झामुमो कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण किया। जावेद ने इस मौके पर गरीबों के बीच साड़ी व छाता का वितरण किया। मौके पर अजीजुल अंसारी, डा. बबलू राम, सबीबुल रहमान, हनीफ अंसारी, सज्जाद अंसारी, मो. असलम, जनक नायक, रतन अनमोल सांचा, शहाबुद्दीन अंसारी, शमीम अहमद, अली इमाम, राजकुमार महतो, नसीम अंसारी सहित कई शामिल थे।

## नगड़ी केसरवानी वैश्य सभा और तरूण सभा ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी केसरवानी वैश्य सभा और नगड़ी तरूण सभा के पदाधिकारी और सदस्यों ने मंगलवार को नगड़ी थाना के नये थाना प्रभारी रोहित कुमार को बुके और शील्ड देकर स्वागत किया। मौके पर सभा के तमाम पदाधिकारी ने कहा कि नगड़ी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था में बनाने केसरवानी वैश्य सभा के द्वारा जो भी सहयोग होगा समाज हरसंभव मदद करेगा। साथ ही नगड़ी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए शुभकामना दी। मौके पर नगड़ी केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष रामजीवन केसरी (जीवन भैया), महामंत्री दिनेश केसरी, पूर्व महामंत्री हेमंत केसरी, तरूण सभा के अध्यक्ष आदित्य केसरी, पुरूषोतम केसरी, गौरव राज, रवि केसरी, राहुल चौधरी और अभिषेक केसरी उपस्थित थे।

## पेंशनधारी आधार पहचान एवं मोबाइल नंबर 15 अगस्त तक जमा करें : सीओ

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी अंचल अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के निर्देश पर अंचल कार्यालय नगड़ी द्वारा वैसे लोग जो वृद्धा/विधवा/दिव्यांगता/अन्य पेंशनधारी हैं और जो सरकार के द्वारा एनएसएपी कार्यक्रम के तहत सहयातार्थ राशि 1000 रु. प्रति माह पेंशन प्राप्त कर रहे हैं वे सभी अपना आधार पहचान एवं मोबाइल नंबर नगड़ी अंचल के कार्यालय में अंतिम तिथि 15 अगस्त तक जमा कर दें।

**कार्यक्रम :** अनगड़ा में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि

# शहीद निर्मल महतो झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता थे : पारसनाथ उरांव

**नेताओं ने कार्यकर्ताओं को निर्मल महतो के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही**

आजाद सिपाही संवाददाता





**अनगड़ा।** झारखण्ड अलग राज्य निर्माण के लिए किए गए आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शहीद निर्मल महतो को उनकी शहादत दिवस पर मंगलवार को गोंदलीपोखर में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अमर कुमार चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, रामसाय मुण्डा, रामनाथ महतो, दुर्गा महतो, गौरीशंकर मुण्डा, दुर्गा पहान, राजेन्द्र महतो, संतोष महतो, बालेश्वर महतो, घनेनाथ महतो, मोहन महतो, दुति महतो, लक्ष्मण महतो आदि ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर डॉ अमर कुमार चौधरी ने शहीद निर्मल महतो को झारखण्ड का सपूत बताया। जिन्होंने आदिवासी मूलवासियों के हक अधिकार के लिए बलिदान दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्मल महतो के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

इधर आजसू के युवा नेता ज्योतिष महतो एवं झारखण्ड कुरमी महासभा के प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

मौके पर खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि अलग झारखण्ड राज्य गठन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि शहीद निर्मल महतो झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता थे। मौके पर आजसू के खिजरी विस प्रभारी जितेन्द्र महतो, उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, युवा नेता आतिश महतो, धर्मेन्द्र सिंह, किशुन महतो, मोहन महतो, जगरनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# नवागढ़ पंचायत को आदर्श आदिवासी पंचायत बनाने की कवयाद शुरू, केरल के प्रतिनिधि ने ली जानकारी

**वरिष्ठ आइएएस डॉ सुनील कुमार वर्णवाल एवं स्वामी भवेषानंद जी महराज का स्वप्न हुआ सकार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदीरी।** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ को वरिष्ठ आईएएस सुनिल कुमार वर्णवाल एवं स्वामी भवेषानन्द जी महराज संयुक्त रूप से आदर्श बनाने की कल्पना कर अपने स्तर से शिक्षा, स्वास्थ्य, संगठन, जैविक कृषि, यौगिक, नैतिक एवं श्रमदान जैसे कार्यों की शुरुआत की हैं, को झारखंड सरकार की ओर से केरल की तर्ज पर आदर्श बनाने हेतु राज्य के 12 जिलों के 26 पंचायतों का चयन किया है। जिसमें नवागढ़ पंचायत को भी शामिल किया गया है। इसके लिए आज मंगलवर को पंचायती राज्य विभाग की डीपीएम विभा सिन्हा किला केरल के प्रतिनिधि सुमैना को लेकर नवागढ़ पंचायत पहुंचीं। साथ में धीरज महतो सलाहकार पंचायती राज्य विभाग भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के संबंधित सभी पदाधिकारियों को बुलाया गया था। इन सबों के साथ पंचायत सचिवालय सभा कक्ष में बैठ कर विभागवार वर्तमान में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। ताकि पंचायत के विकास के लिए कार्ययोजना बनाने में सहुलियत हो सके। केरल प्रतिनिधि सुमैना एसके ने पंचायत प्रतिनिधियों से पूछा कि पंचायत का राजस्व का क्या श्रोत है। अगर नहीं है तो विचार करने की आवश्यकता है। डीपीएम विभा सिन्हा ने कहा कि पंचायत के प्रत्येक परिवार का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। इसके लिए ग्रामीणों की भी भागीदारी आवशयक है। इसके बाद सोसो आंगनबाड़ी केन्द्र, सोसो पार्क, रा. मध्य विद्यालय नवागढ़ आदि का भ्रामण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। मौके पर जिला परिषद अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुण्डा, प्रमुख अनगड़ा दीपा उरांव, मुखिया नवागढ़ भुवनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, तरूण कुमार, सीडीपीओ रेनुका, अरविन्द गुप्ता, संतोष बेदिया, सुदिप्ता सत्पथी, हरेकृष्ण चौधरी, एतवा बेदिया, विजय गंभीर महतो, बेदिया, गीता देवी, पार्वती देवी, अमरदीप प्रमाणिक, अनिता देवी, दिलीप मिर्धा, संजय बेदिया, पंचम भोगता, दीपक मुण्डा, शान्ति देवी आदि के अलावा ग्रामीण शामिल थे।

## लापुंग में बारिश के अभाव में धान की रोपनी बाधित



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड में प्रथम सावन महीना बीत गया, दूसरा सावन का प्रथम सप्ताह भी बीत गया। लेकिन धान की रोपनी 50 प्रतिशत भी नहीं हुई है। किसान बारिश की आस लगाए हुए हैं। लतरातू डैम से बनी नहर भी सूखी है। पानी रहने से शायद लापुंग प्रखंड की उत्तरी भाग में धान की रोपनी लगभग खत्म हो जाती। कारो नदी पर बने लतरातू डैम में भी पानी नहीं है। इस नहर के भरोसे खेती संभव नहीं। नहर में पानी रहने से देवगांव, नवाटोली, पोला, लतरातू ककरिया, कारूम, पोकटा, लतरातू के अलावे अनेक गांव इससे बरसाती खेती करते। आज सूखी नहर को देखकर अपने को लोग कोस रहे हैं। लापुंग प्रखंड में सूखा की आशंका व्यक्त की जा रही है।

## एबीवीपी ने किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** एबीवीपी द्वारा सात अगस्त से सितंबर से नौ सितंबर तक चलाए जाने वाले सदस्यता अभियान को नगर इकाई बेड़ो की ओर से करमचंद महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को शुभारंभ किया गया। जहां एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को रसीद काटकर किया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ ने कहा कि एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा अनुशासित छात्र संगठन है। इस संगठन से जुड़ना ही सम्मान की बात है। एबीवीपी सालों भर महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय कैंपस में छात्र -छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते आया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने अधिकार तथा सम्मान की रक्षा के लिए अधिक से अधिक संख्या में परिषद की सदस्यता ग्रहण करें।वही सोनम कुमारी ने छात्र छात्राओं को एबीवीपी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कॉलेज सहित अन्य स्कूलों में जाकर सदस्य बनाये। इसके पूर्व सोमवार को सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया था। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से इस वर्ष 5000 छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को सदस्यता का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर एबीवीपी के विभाग सहसंयोजक आकाश रक्षित, विक्रम कुमार, राजवीर कुमार, पारस ठाकुर, दिवाकर महतो,दुर्गा कुमार, अनिल महतो सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिपरवार पुलिस ने फरार अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार पुलिस ने छह साल पुराने मामले में फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना कांड न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त चिंतामन गंझु पिता स्व. गंधौरी गंझू साकिन बंधुडी थाना विशिष्ठ नगर जोरी जिला चतरा का रहने वाला है। उसके उपर पिपरवार थाना में 37/28 अक्टूबर 2017 को भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 386, 387, 379, 323, 436, 427 के साथ 27 आर्म्स एक्ट, 17 (क) (क्क) सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**परेशानी :** कीचड़ भरी सड़क पर चलने को मजबूर हैं मुड़कट्टी गांव के लोग

# बरसात के दिनों में गांव की स्थिति बद से बदतर बन जाती है

**सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चे, महिलाओं व बुजुर्गों को हो रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के खुखरा पंचायत के मुड़कट्टी गांव में कच्चे रास्ते में कीचड़ व गंदगी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा होने के साथ ही लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। वहीं कई ऐसे गांव भी हैं जहां सड़कें न होने की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव में सड़क नहीं बनने से लोगों को मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कच्चे रास्ते को अभी तक पक्का नहीं किया गया है। जिससे यह समस्या पैदा हो रही है। समस्या काफी पुरानी है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बरसात के दिनों में गांव की स्थिति बद से बदतर बन जाती है। कीचढ़ युक्त रास्ते से गांव के लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चे, महिलाओं व बुजुर्गों को हो रही है। उन्हें आए दिन कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। गांव का मुख्य रास्ता होने से प्रतिदिन गांव के लोगों का आना जाना रहता है।

गांव के लोगों का कहना है कि यह रास्ता गांव का मुख्य मार्ग है, लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

ग्रामीणों का कहना कि प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को गांव में आकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए। तभी जाकर गांव के हालात के बारे पता लगेगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## आइएचएम रांची में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के छात्रों के स्वागत समारोह का आयोजन




**मांडर (आजाद सिपाही)।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के बीएससी इन एच एंड एचए (स्नातक) एवं लघु पाठ्यक्रम में नामांकित छात्रों हेतु स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समरोह के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव मोइनुद्दीन खान उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा छात्रों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना के साथ की गई। साथ ही छात्रों द्वारा झारखंड की कला-संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। श्रीमती तिर्की ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्रों को हमेशा आत्मविश्वासी रह कर सारी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। साथ ही किसी भी को काम छोटा न समझने, हर क्षेत्र में ज्ञान हासिल करने, खुद को खुले दिमाग रख कर अपना शत प्रतिशत देने की बात कही। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने 2019 से स्थापना के चार वर्षों के भीतर ही संस्थान के उपलब्धिओं को साझा किया तथा कोरोना जैसे विपरीत समय में भी संस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अन्य कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान छात्रों को संस्थान के शिक्षकों से परिचित भी कराया एवं बताया कि इस वर्ष 2023 के लिए संस्थान को कंपटीशन सक्सेस रिव्यू मैग्जीन के रैंकिंग सर्वे में पूरे भारतवर्ष के होटल मैनेजमेंट संस्थानों में चौथा स्थान प्राप्त हुआ तथा सीएसआर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस 2023 पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव मोइनुद्दीन खान ने सभी छात्रों को आईएचएम रांची में दाखिला लेने को बढ़िया निर्णय बताते हुए संस्थान की लगातार कड़ी मेहनत एवं छात्रों को शतप्रतिशत रोजगार मुहैय्या कराने हेतु काफी सराहना की।

## कैंब्रिज ग्रुप के शिक्षण संस्थानों में आरक्षित श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए विशेष शिक्षा का प्रावधान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज ग्रुप के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में राज्य के एससी, एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के लिये न्युनतम शुल्क पर व आदिम जनजाति के विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गयी है। कैंब्रिज ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक नवनीत सिंह ने बताया कि राज्य में तकनीकि एवं व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों को राज्य सरकार के कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति के आधार पर इंजिनयरिंग, एमबीए व डिप्लोमा की पढ़ाई करा प्लेसमेंट के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की पहल की है।

## शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के संरक्षक की माता के निधन पर शोक व्यक्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम समाजसेवी सह शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के संरक्षक मधुसूदन राय उर्फ मधुर राय की माता लक्ष्मी देवी (95) का निधन रविवार देर रात हो गया। मधुसूदन राय ने बताया कि उनिडीह राजाउलातू स्थित आवास पर उनकी मां रविवार रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गयी। वहीं, सोमवार सुबह कमरे में उन्हें मृत पाया गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार शाम डाबर टोली स्थित सपाही नदी मुक्तिधाम घाट पर कर दिया गया। इस दुखद घड़ी में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन और सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह ने शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक प्रकट किया। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक रामकुमार, प्रमोद कुमार सिंह, महेंद्र महतो, दयानंद राय, अशोक राय, गोवर्धन राय, दिलीप राय, भीम राय, सूरत राय, विजेंद्र राय, उमाकांत राय, उमेंद्र राय, मनोज राय, शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## दुकान से लाखों की मोबाइल चोरी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सदाबहार चौक स्थित डीएन सिंह मार्केट में सिंह इंटरप्राइजेज मोबाइल दुकान में चोरों ने एस्बेस्टस की छत काट कर लगभग डेढ़ लाख रुपये के मोबाइल की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार दुकान के मालिक रूपेश सिंह सोमवार शाम को दुकान बंद कर अपने घर चले गये। इधर, मंगलवार सुबह जब दुकान खोले तो देखा कि चोरों ने अल्बेस्टर के सीट को काट कर लाखों रुपये के मोबाइल सहित नगदी की चोरी कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची नामकुम पुलिस छानबीन कर रही है। घटना का सारा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। इधर नामकुम पुलिस चोरों की तलाश में जुट गयी है।

## एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से बेड़ो प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में मरीज बेहाल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए लाइफ लाइन 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीब मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अस्पताल पहुंचने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। वही बीमार लोग समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन गरीब मरीजों को हो रही है, जिनके पास अस्पताल तक जाने के लिए साधन नहीं है। हड़ताल के चलते स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में 108 एंबुलेंस खड़ी कर दी गई है। जिससे मरीज निजी वाहनों से भाड़े पर अस्पताल पहुंच रहे हैं। कई ऐसे मरीज भी हैं जिनको चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया गया है, लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने के चलते वे अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं। इधर स्वजनों ने 108 एंबुलेंस में फोन लगाया तो पता चला कि चालक हड़ताल पर हैं। जिसके कारण गरीब मरीज, घायलों व बीमार लोगों को निजी वाहन से रिम्स ले जाना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के दुर्घटना में घायल और गर्भवती महिलाओं को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है।

